# बिहार सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग

**प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 16.12.2016 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त आयुक्त के सलाहकार श्री रूपेश एवं अन्य के साथ हुए बैठक की कार्यवाहीः–**

**उपस्थिति– संलग्न सूची के अनुसार।**

विभागीय प्रधान सचिव द्वारा सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए नगर निकायों के अन्तर्गत **DAY-NULM** योजना के अधीन निर्माणाधीन नये आश्रय स्थल **(Shelter for Urban Homeless)** एवं पूर्व से मौजूद आश्रय स्थल/रैन बसेरों की स्थिति एवं प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया। अवगत कराया गया कि वर्तमान में मुजफ्फरपुर, गया, बिहारशरीफ, आरा, भागलपुर, दरभंगा, हाजीपुर, पूर्णिया इत्यादि नगर निकायों के अधीन पूर्व से मौजूद रैन बसेरों/आश्रय स्थलों के प्रचालन एवं प्रबंधन हेतु स्वयं सहायता समूहों के क्षेत्र स्तरीय संगठनों (Area Level Organization) को हस्तांतरित किया गया है। साथ ही 19 नगर निकायों में नये आश्रय स्थल निर्माणाधीन हैं। इससे सम्बन्धित विवरणी भी श्री रूपेश, परामर्शी, माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के आयुक्त के राज्य सलाहकार एवं अन्य को उपलब्ध करायी गयी।

आश्रय स्थल की स्थिति में गुणात्मक सुधार लाने एवं योजना की प्रगति के संबंध में प्रधान सचिव के द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिनिधियों एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किये गये एवं निम्नलिखित निर्णय लिये गयेः–

1. श्री रूपेश, परामर्शी, माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के आयुक्त के राज्य सलाहकार के द्वारा यह अवगत कराया गया कि, मोतिहारी नगर निकाय के अधीन पूर्व से मौजूद रैन बसेरा की स्थिति में सुधार लाने की आवश्यकता है। इस संबंध में प्रधान सचिव के द्वारा **PMC-NULM** के टीम लीडर एवं राज्य मिशन प्रबंधक को मोतिहारी नगर निकाय के साथ समन्वय स्थापित कर रैन बसेरा की स्थिति सुधारने हेतु निदेशित किया गया।

2. पटना नगर निगम के अधीन पूर्व से **नवनिर्मित मलाही पकड़ी आश्रय स्थल** का संचालन यथाशीघ्र सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की गयी। इस संबंध में सुश्री आरती, नोडल अधिकारी **(DAY-NULM)**, पटना नगर निगम को 15 जनवरी 2017 तक विभागीय मार्गदर्शिका के अनुसार सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ मलाही पकड़ी आश्रय स्थल का संचालन क्षेत्र स्तरीय संगठनों (Area Level Organization) के माध्यम से प्रारंभ करने का निदेश दिया गया। यह भी निदेशित किया गया कि उक्त आश्रय स्थल में किचन सेड की व्यवस्था भी संचालन प्रारंभ करने के पूर्व सुनिश्चित कराया जाय एवं आश्रय स्थल के लिए Roof Top Solar System का **Estimate** बनाकर विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

3. प्रधान सचिव द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि मलाही पकड़ी आश्रय स्थल के संचालन प्रारंभ के उपरांत 15 जनवरी 2017 के बाद किसी भी समय निरीक्षण किया जा सकता है। यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की कमियां पायी जाती है तो विभाग द्वारा संबंधित अधिकारियों को उसे पूरा करने का निदेश दिया जायेगा।

4. पटना नगर निगम के मुख्य अभियंता श्री अशोक कुमार के द्वारा अवगत कराया गया कि तीन रैन बसेरों (निकट साइंस कॉलेज–1, एवं निकट मैकडॉवेल गोलम्बर–2 रैन बसेरों) का नवीनीकरण का कार्य कराया जा रहा है जो 15 जनवरी 2017 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। इस संबंध में प्रधान सचिव द्वारा निदेशित किया गया कि उक्त अवधि के भीतर नवीनीकरण का कार्य पूर्ण कराकर सभी मूलंभूत सुविधाओं के साथ तीनों रैन बसेरों का संचालन प्रारंभ कराना सुनिश्चित किया जाय।

5. पटना नगर निगम के अधीन नूतन राजधानी अन्तर्गत 10 रैन बसेरों के संचालन के संबंध में चर्चा करते हुए श्री विशाल आनन्द, कार्यपालक पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि सभी रैन बसेरों के जिर्णोधार कार्य 10 जनवरी 2017 तक पूरा कराया जाय एवं जिन रैन बसेरों में शौचालय के निर्माण के लिए जगह उपलब्ध हैं वहॉ शौचालय का निर्माण भी कराया जाय। प्रधान सचिव के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के सलाहकार को 10 जनवरी 2017 के पश्चात इन सभी रैन बसेरों के निरीक्षण कर कमियों को पूरा करने का सुझाव देने हेतु अनुरोध किया गया। यह भी अवगत कराया गया कि विभागीय अधिकारियों के द्वारा भी इन रैन बसेरों का समय–समय पर निरीक्षण किया जायेगा।

6. श्री रूपेश के द्वारा अवगत कराया गया की गॉधी मैदान पटना के निकट एकल महिला एवं उनके बच्चे तथा वृद्ध आश्रयहीनों के लिए एक विशेष आश्रय स्थल बनाने की आवश्यकता है क्योंकि कई महिलाओं एवं वृद्धों को गॉधी मैदान के निकट खुले आसमान के नीचे रात काटने को मजूबर होना पड़ता है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी, नूतन राजधानी अंचल द्वारा बताया गया कि बांकीपुर क्लब के पास पटना वाटर बोर्ड के जमीन पर गॉधी मैदान के आसपास के आश्रयविहिनों के लिए आश्रय स्थल बनाया जा सकता है। प्रधान सचिव द्वारा इस संबंध में बोर्ड से पारित कराकर शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। साथ ही प्रस्तावित स्थल पर श्री अशोक कुमार, मुख्य अभियंता को 25–30 बेड के आश्रय स्थल का मॉडल, डिजाई एवं प्राक्कलित राशि विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया।

7. आरा नगर निगम के अधीन पूर्व से मौजूद आश्रय स्थल के संबंध में श्री रूपेश के द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त आश्रय स्थल का निरीक्षण रात्रि के समय किया गया था जो बंद पाया गया । इस संबंध में प्रधान सचिव द्वारा श्री संजीव पाण्डेय, टीम लीडर **(DAY-NULM)**, को निदेशित किया गया कि आरा नगर निगम के नगर आयुक्त के साथ बैठक कर उक्त आश्रय स्थल को 24X7 घंटे कार्यरत रखना सुनिश्चित कराया जाय ताकि लाभार्थियों को भी 24X7 घंटे इसकी सुविधा मिलती रहे।

8. आश्रय स्थलों को 24 घंटे निर्बाद्ध बिजली के आपूर्ति सुनिश्चित हो इसके लिए प्रधान सचिव द्वारा निर्मित कराये जा रहे नये आश्रय स्थलों एवं पूर्व से मौजूद आश्रय स्थलों पर Roof Top Solar System लगाने हेतु नगर निकायों से प्रस्ताव आमंत्रित करने हेतु पत्र उपस्थापित करने का निदेश **PMC, DAY-NULM** को दिया गया।

9. श्री रूपेश के द्वारा आश्रय स्थल के लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने से संबंधित विषयों पर चर्चा की गयी। इस संबंध में प्रधान सचिव महोदय के द्वारा अवगत कराया गया कि सभी आश्रय स्थलों के नियमानसार संचालन के उपरान्त इस कार्य को भी सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है।

10. अगले बैठक हेतु 25 जनवरी 2017 की तिथि निर्धारित की गयी।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

22/12/2016

**( चैतन्य प्रसाद )**
प्रधान सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग।

**ज्ञापांकः NULM-PMC/001/SUH/PF-1 / न०वि० एवं आ०वि० /** 55 **दिनांकः** 23/12/16

प्रतिलिपिः– श्री रूपेश, राज्य सलाहकार, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली, आयुक्त / विभागीय प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव / नगर आयुक्त, पटना नगर निगम / सभी नगर आयुक्त, नगर निगम / संबंधित सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद / टीम लीडर, PIMC-NULM को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/12/2016

प्रधान सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग ।

दिनांक–16.12.2016 को आयोजित प्रधान सचिव की अध्यक्षता में आहूत **shelter for urban homeless** की समीक्षा बैठक की उपस्थिति :–

| क्र0 सं0 | नाम | पदनाम | मोबाईल नं0 | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | प्रधान सचिव | | |
| 2 | N.K. Singh | अपर सचिव सह निदेशक | ~~9470488548~~ | [signature] 16/12/16 |
| 3 | श्री [illegible] | निजी सहायक माननीय [illegible] | 9431021035 | [signature] 16/12/16 |
| 4 | विनोदानन्द [illegible] | उपनिदेशक | 9470488552 | [signature] 16/12/16 |
| 5 | प्रभाकर कुमार | रीसर्चर Advisor office | 9905499803 | [signature] |
| 6 | Sanjay Sahu | Researcher Advisor office | 8986277817 | [signature] |
| 7 | Sanjeev Pandey | Team Leader PMC-NULM | 9010222541 | [signature] |
| 8 | Vishal Anand. | Ex-officer MLL. | 9470488573 | [signature] |
| 9 | ABDUL HAMID | Exe. Officer Bankipur | 9470488569. | [signature] |
| 10 | Ashok Kumar | Chief Engineer | 9661553089 | [signature] |
| 11 | Arti | Estate Officer | 9470488583 | [signature] 16/12/16 |
| 12 | Md. Irfan Alam | E.O Kankerbagh | 9470488584 | [signature] 16/12/16 |
| 13 | Gajendra Singh | CMM (NULM) Patna. | 9204704827 | [signature] 16.12.2016 |
| 14 | Ravi Kumar | State Mission Manager PMC-NULM | 9334776514 | [signature] 16.12.2016 |
| 15 | | | | |
| 16 | | | | |
| 17 | | | | |
| 18 | | | | |
| 19 | | | | |
| 20 | | | | |